क्षितिज साहित्य संस्था द्वारा वर्ष 2025 के सम्मान घोषित

इंदौर। वर्ष 1983 से लघुकथा विधा के संवर्धन के लिए कार्यरत साहित्यिक संस्था क्षितिज साहित्य संस्था, इंदौर के द्वारा वर्ष 2025 के लिए सम्मान घोषित कर दिए गए हैं। श्री संतोष सुपेकर (उज्जैन) को क्षितिज लघुकथा शिखर सम्मान 2025, डॉ. ध्रुवकुमार (पटना) को क्षितिज लघुकथा समालोचना सम्मान 2025, श्री राममूरत राही, (इंदौर) को प्रदेश स्तरीय क्षितिज लघुकथा समग्र सम्मान 2025, डॉ. दीपा मनीष व्यास, (इंदौर) को क्षितिज लघुकथा नवलेखन सम्मान 2025 2 नवम्बर 2025 को श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में होने वाले वार्षिक कार्यक्रम में प्रदान किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त देश/ प्रदेश के कुछ प्रमुख साहित्यकारों को उनके साहित्यिक अवदान के लिए भी सम्मानित किया जाएगा।

जन्म तो दीक्षा और जप तप साधना के लिए है

इंदौर (ओम पाटोदी)। जिस पुण्य आत्मा ने मानव जीवन पाकर सम्यक ज्ञान दर्शन चारित्र को जन्म दिया हो आज उस शरीर का जन्म दिवस नहीं उस संयमी आत्मा के सम्यक दर्शन ज्ञान का महोत्सव मनाया जा रहा है। कष्टों से महापुरुष जीवन प्रारंभ होता है, क्योंकि सुख सुविधाओं से प्राप्त ज्ञान तो एक बार विस्मृत हो सकता है परन्तु दु:ख और प्रतिकुलताओ में पाया गया ज्ञान कभी समाप्त नहीं होता है।

उक्त विचार आर्यिका सिद्ध श्री माताजी के दीक्षा गुरु समाधि शतक के काव्य के रचयिता आचार्य श्री विभव सागर जी महाराज ने माताजी के 32वें अवतरण दिवस पर समर्थ सिटी में पधार कर व्यक्त किये। उन्होंने कहा की माताजी ने अपने छोटे से जीवन में काफी कष्ट सहे हैं परन्तु कभी विचलित नहीं हुईं। उनका संयमित जीवन और निखरता गया और आज आप सभी उनकी अपार प्रतिभा को महसूस कर रहे होंगे यही वजह है की मैं भी अपनी शिष्या के आग्रह को नकार नहीं सका और आज आप सभी के बीच सात संतों के साथ ही आर्यिका माताजी, क्षुल्लक जी व क्षुल्लिका जी सहित चतुर्विध संघ यहां मंच पर उपस्थित होकर इनके संयम पर की अनुमोदना कर रहा है साथ ही अपार जनसमूह जो सामने बैठा है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में चातुर्मास के मुख्य कलश पुण्यार्जक परिवार श्री ऋषभ मोना जी जैन, मनीष रिंकी जी जैन, नाभिनंदन कुसुम मनीष जी जैन, अनिल संध्या जी जैन, मन्नूलाल चंदन जी जैन परिवारजन के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित किया गया। गुरु जी के पाद प्रक्षालन का लाभ शैलेश जी रिचा जी चंदेरिया एवं शैलेन्द्र जी श्रैयास जी संदीप जी चन्देरिया परिवार को मिला। मंगलाचरण की सुन्दर प्रस्तुति नृत्य द्वारा चहेती पाटोदी, इशिका जैन, आयूषी जैन,पियू जैन एवं आर्ची जैन ने की।

विभिन्न नगरों और कालोनियों से पधारे मुख्य अतिथियों कि स्वागत वरिष्ठ समाजजन शैलेश भैया, अमीरचंद जैन, ओम पाटोदी, सन्तोष जबेरा, सुभाष जैन, संतोष मामाजी, डाक्टर सा, श्रैयास जैन, पारस जैन ने किया। चातुर्मास व्यवस्था समिति के समस्त युवा मंडल ने शास्त्र भेंट करने का एवं गुरु पूजन का लाभ महिला मंडल के साथ सभी समाज जनों ने प्राप्त किया कार्यक्रम का सफल संचालन सुलभ जैन ने किया। आभार शैलेश जैन ने माना।

सावन मास के तीसरे सोमवार पर निकली भव्य कावड़ यात्रा

देपालपुर। सावन मास के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर ग्राम बड़ौलीहौज स्थित प्राचीन पालेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कावड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से ओतप्रोत इस यात्रा में 80 से अधिक कावड़िया भाग ले रहे हैं।

यह पवित्र यात्रा बड़ौलीहौज से प्रारंभ होकर देपालपुर, बनेडिया, अटाहेड़ा, करजोदा, सुनाला, गुडर, पाडल्या, चांदनखेड़ी, धर्माट, चंद्रावतीगंज और चिंतामन गणेश मंदिर होते हुए उज्जैन पहुंचेगी, जहां बुधवार को कावड़िए भगवान महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग पर पवित्र जल से अभिषेक करेंगे।

कावड़ यात्रा का नेतृत्व ग्राम बड़ौलीहौज के सरपंच श्री कल्याण सिंह दयाल ने किया। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं का जगह-जगह भव्य स्वागत, पुष्पवर्षा, प्रसाद वितरण, और आरती के माध्यम से अभिनंदन किया गया। ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कांवड़ियों ने बाबा महाकाल को जल अर्पण करने का संकल्प लेते हुए यात्रा शुरू की, जो श्रद्धा और अनुशासन की अद्वितीय मिसाल बन रही है। सावन के तीसरे सोमवार पर निकली यह यात्रा धर्म, सेवा और लोक संस्कृति का अद्भुत संगम है।

इंदौर नगर निगम की मनमानी, बिना नोटिस फूल की दुकान सील, हाईकोर्ट में सुनवाई से ठीक पहले खोलना पड़ी

इंदौर। नगर निगम के अधिकारियों ने हरिसिध्दि स्थित एक फूल विक्रेता की दुकान को बिना किसी नोटिस या सुनवाई के सील कर दिया और दुकान में रखा माल तितर-बितर कर तोल कांटा आदि जब्त कर लिया। दुकानदार ने निगमायुक्त, उपायुक्त, हरिसिध्दि जोन एआरओ, इंदौर कलेक्टर आदि अधिकारियों को आवेदन दिए लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।

मजबूर होकर दुकानदार ने अधिवक्ता विस्मित पानोत एवं प्रणीति शर्मा के माध्यम से उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। मामले में उच्च न्यायालय से फटकार पड़ने के डर से दिनांक 28.07.2025 को मामले की सुनवाई से एन पहले ही निगम अधिकारियों ने सील हटाने और दुकान के ताले खोल देने का दावा किया और निगम के वकील ने न्यायालय के समक्ष कहा कि दुकान पर से सील और तालाबंदी हटा कर दुकान खोल दी गई है और भविष्य में भी किसी भी प्रकार की कार्रवाई करने के लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। उक्त आधार पर उच्च न्यायालय द्वारा मामले को निराकृत कर दिया गया।

निगम अधिकारियों का कहना है कि पड़ोसियों द्वारा दुकानदार के खिलाफ शिकायतें मिली थीं, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई थी। हालांकि, दुकानदार का कहना है कि यह शिकायतें निराधार और पक्षपात पूर्ण हैं और निगम अधिकारियों ने बिना किसी जांच के कार्रवाई की। बिना किसी नोटिस या सुनवाई के दुकान को सील करना पूरी तरह से अवैध है। उन्होंने निगम अधिकारियों से कई बार संपर्क किया, लेकिन किसी ने भी उनकी बात नहीं सुनी।

यह मामला इंदौर नगर निगम की मनमानी और कानूनी प्रक्रिया का पालन किये बगैर कार्यवाही करने की प्रवृत्ती को उजागर करता है।जिस कारण दुकानदार को न्याय पाने के लिए अनायास ही उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

रक्तदीप दीपक विभाकर नाईक को श्री गौड़ ब्राह्मण समाज ने किया सम्मानित

इंदौर। विगत साढ़े तीन दशकों से ऑन पेपर सतत रक्तदान करते हुए 150 बार करने, हजारों जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाने,रक्तदान के लिए जनचेतना का प्रयास करते रहने के लिए रक्तदीप दीपक विभाकर नाईक को श्री गौड़ ब्राह्मण समाज ने सम्मानित किया।

विगत रविवार को स्वामी प्रीतमदास सभागृह में हुए एक अनौपचारिक कार्यक्रम में ये सम्मान उन्हें श्री गौड़ ब्राह्मण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रभुलाल त्रिवेदी, उपाध्यक्ष गणेश जोशी, कोषाध्यक्ष चम्पालाल जोशी ने वासुदेव पांडे, हेमराज पंड्या, रतन मेहता, भगवान रावल एवं युवा संस्थान के अध्यक्ष दिलीप त्रिवेदी की उपस्थिति में प्रदान किया। सम्मान के रूप में उन्हें श्रीफल, शॉल, प्रतीक चिन्ह और अभिनंदन पत्र भेंट किया गया।इस अवसर पर समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

बाबा बाणेश्वर की सवारी का स्वागत

इंदौर। महाकाल सेवा संस्था द्वारा बाणगंगा स्थित बाबा बाणेश्वर की भव्य सवारी का स्वागत किया गया, संस्थान द्वारा ग्राम मोरोद माचला स्थित मंदिर के पास दोपहर 1 बजे वृक्ष रोपण किया गया, इस दौरान ग्राम मोरोद माचला स्थित मंदिर में महाआरती एवं भोजन प्रशादी का भी आयोजन भी रखा गया था, इसमें संस्थान के अध्यक्ष अर्जुन नायक, दिनेश चौहान, लक्ष्मण जी महेश, सारंग गायधने, प्रवीण सूर्यवंशी, उज्वल व्यास चिंटू यादव, मुकेश प्रजापत, सुमित कुमायु, जय सोनी, राजू मोरे, मनीष प्रजापत, धर्मेन्द्र वर्मा, दिलीप सावन, गोपाल राठौर, गोविंद उपस्थित थे

खिचड़ी प्रसादी का वितरण

इंदौर। समाजवादी पार्टी की नगर उपाध्यक्ष सुषमा यादव वह उनकी बहन सुनीता यादव के द्वारा खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया।

इंदौर समाजवादी पार्टी की शहर अध्यक्ष सुषमा यादव व उनकी बहन सुनीता यादव के द्वारा सावन के तृतीया सोमवार पर विजयवर्गीय नगर कुशवाहा नगर के पास फ रियली खिचड़ी का वितरण किया गया जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया।

अमृत पैलेस कॉलोनी में श्रावण मास की भक्ति छटा बिखरी

इंदौर। श्रावण मास के पावन अवसर पर निपानिया स्थित अमृत पैलेस कॉलोनी में भक्ति की अनूठी बयार बह रही है। कॉलोनी के रहवासियों द्वारा लगातार तीसरे सोमवार को भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर पूजन-अर्चन किया गया। इस अलौकिक श्रृंगार के दर्शन करने के लिए न केवल कॉलोनी के निवासी, बल्कि आसपास के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे।

श्रावण मास की पावन सोमवार पर कॉलोनी में विशेष भक्ति आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें भजन, कीर्तन, सुंदरकांड पाठ एवं महाप्रसादी वितरण सम्मिलित हैं। कार्यक्रमों की श्रृंखला में हर सोमवार समिति के सदस्यों द्वारा विशेष रूप से शिवलिंग का अभिषेक व मनोहारी श्रृंगार किया जाता है, जो भक्तों के लिए दिव्य अनुभूति का कारण बनता है।

समिति के सदस्य स्वयं श्रृंगार की संपूर्ण व्यवस्था करते हैं – फूल, वस्त्र, बेलपत्र, भस्म एवं विविध अलंकरणों से भगवान शिव का मनोहारी रूप सजाया जाता है। अलसुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की आवाजाही प्रारंभ हो जाती है। भक्तजन रुद्राष्टक, शिव चालीसा और ओम नमः शिवाय के जाप के साथ वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं।

समिति की सक्रिय भूमिका

अमृत पैलेस कॉलोनी की आयोजन समिति में विभिन्न परिवारों की सहभागिता देखी जा रही है। समिति के सदस्य न केवल आयोजन की व्यवस्था देख रहे हैं, बल्कि हर सप्ताह अलग-अलग परिवार श्रृंगार एवं भोग आदि की सेवा में योगदान दे रहे हैं। प्रसाद में प्रतिदिन फल, पंचामृत, दूध और शिवभक्तों की रूचि अनुसार विशेष पकवान भी वितरित किए जाते हैं।

सुर आराधन द्वारा मोहम्मद रफी साहब को गीतों भरी श्रद्धांजलि

इंदौर। संगीत संस्था सुर आराधन, महान गायक मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि 31 जुलाई को उनके हर अंदाज़ में गाए गीतों की प्रस्तुति के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करने जा रहा है।यह गीतांजलि तुम मुझे यूँ भुला न पाओगे की थीम पर आधारित होगा जो प्रेस क्लब स्थित श्री राजेन्द्र माथुर सभागार में संध्या 6 बजे से प्रारम्भ होगा।

कार्टून कोना.....

प्रोस्टेट के बढ़ते मामलों में राहत की नई किरण वॉटर वेपर थेरेपी अब इंदौर में उपलब्ध

इंदौर। पुरुष स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ी प्रगति के तहत, विजय नगर स्थित अपोलो हॉस्पिटल्स ने आज BPH (बढ़े हुए प्रोस्टेट) के उपचार हेतु Rezum वॉटर वेपर थेरेपी की शुरुआत की।

यह उन्नत और न्यूनतम इनवेसिव तकनीक पारंपरिक सर्जरी का एक सुरक्षित, प्रभावशाली और सुविधाजनक विकल्प प्रदान करती है, जिससे मरीजों को तेज़ और टिकाऊ राहत मिलती है। आज आयोजित एक विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस आधुनिक तकनीक का औपचारिक अनावरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. सौरभ चिपड़े, सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रमुख, यूरोलॉजी विभाग, ने कहा यह हमारे लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि हमारा संस्थान मध्य भारत का पहला केंद्र बन गया है, जहां वॉटर वेपर थेरेपी की शुरुआत हुई है। वर्षों से प्रोस्टेट के मरीजों के पास केवल सीमित विकल्प थे – या तो दवाइयाँ जिनके दुष्प्रभाव होते हैं, या फिर बड़ी सर्जरी जिनसे रिकवरी लंबी होती है और यौन स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। अब यह अत्याधुनिक तकनीक उस स्थिति को पूरी तरह बदल रही है।

डॉ. चिपड़े ने आगे बताया-इस थेरेपी में जलवाष्प (वॉटर वेपर) की ऊर्जा का उपयोग कर प्रोस्टेट के अनावश्यक ऊतकों को लक्षित कर उन्हें कम किया जाता है, जिससे पेशाब संबंधी परेशानियों में तुरंत राहत मिलती है। वॉटर वेपर थेरेपी का यह शुभारंभ ऐसे समय पर हुआ है जब हाल ही में इसे अमेरिका के SFDA से विस्तारित स्वीकृति प्राप्त हुई है। डॉ. अशोक बाजपेयी, डायरेक्टर एवं सीनियर कंसल्टेंट, ने कहा हमारा सदैव प्रयास रहा है कि हम अपने विशेषज्ञों को अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित करें ताकि मरीजों को सर्वोत्तम परिणाम मिलें।

एसपी इन्दौर देहात यांगचेन भूटिया ने लिया चार्ज

इंदौर। गृह विभाग से जारी आदेश के अनुसार 2013 बैच की आईपीएस अधिकारी और इन्दौर सेनानी 15वीं वाहिनी एसएएफ में पदस्थ यांगचेन ढोलकर भूटिया की नई पदस्थापना इंदौर देहात पुलिस अधीक्षक के रूप में की गई है। गृह विभाग के उक्त आदेश के परिपालन में आईपीएस यांगचेन घोलकर भूटिया ने वर्तमान इन्दौर देहात एसपी के पद पर पदस्थ आइपीएस हितिका वासल की जगह पुलिस अधीक्षक के रूप में जिम्मेदारी संभाली है।2017 बैच की आईपीएस एसपी इंदौर देहात हितिका वासल को सेनानी 15वीं वाहिनी एसएएफ इंदौर में पदस्थ किया गया है।

शिल्पिकार गौरव सांवलिया ने महिला उद्यमियों का किया मार्गदर्शन

इंदौर। लघु उद्योग भारती (म.प्र.) महिला इकाई द्वारा आयोजित स्वयं सिद्धा संकल्प सूत्र एवजीबिशन में प्रदेशभर से आई महिला उद्यमियों को हस्तकला उद्योग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

इस कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा राज्य पुरस्कार से सम्मानित प्रतिष्ठित शिल्पी श्री गौरव सांवलिया (भावसार) को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। श्री सांवलिया ने हैंडीक्राफ्ट से संबंधित एक विशेष सत्र का संचालन किया, जिसमें उन्होंने महिला उद्यमियों को इस क्षेत्र की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने हस्तकला उत्पादों के निर्माण, विपणन, और इस उद्योग में सफल होने के लिए आवश्यक रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

उपस्थित महिला उद्यमियों ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी पाया और अपने प्रश्नों के माध्यम से हैंडीक्राफ्ट उद्योग के विभिन्न पहलुओं को गहराई से समझा।